साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

रायगढ़, शुक्रवार
18.08.2017
भाद्र कृष्ण 11
पृष्ठ 8, मूल्य 3

Web: www.nyaysakshi.com | 3 देखें .... .... | 6 देखें मनोरंजन में .... | » वर्ष-1 » अंक-22 »


## खास खबर

## राप्ती नदी खतरे के निशान के पार, घरों में घुस रहा पानी

गोरखपुर,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से बाढ़ की स्थिति और भी अधिक खराब होती जा रही है। गोरखपुर में राप्ती नदी का जल स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। नदी ने खतरे का निशान भी पार कर लिया है जिसके चलते अधिकारियों की परेशानी बढ़ गई है। राप्ती नदी का जल स्तर खतरे के निशान से काफी ऊपर होने से शहरवासियों में डर का माहौल बना हुआ है। शहर के बाहर बंधे पर बनाया गया फाटक क्षतिग्रस्त होने से नदी का पानी शहर के मोहल्लों में आने लगा है। कमिश्नर, डीएम मौके पर हैं। वहीं नदी के किनारे एनडीआरएफ की टीम को तैनात किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन पुरी तरह तैयार है।

## पीएम मोदी की कश्मीर नीति पर शिवसेना ने कसा तंज

नई दिल्ली,(आरएनएस)। देश की आजादी के 70वें साल के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में जम्मू-कश्मीर का भी जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि गाली या गोली से नहीं, कश्मीरियों को गले लगाकर अलगाववाद को हराया जा सकता है। शिवसेना ने इस पर तंज कसते हुए कहा है कि इस विचार को लागू करने के लिए हमें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाने की जरूरत पड़ेगी। अपने मुखपत्र सामना के एक संपादकीय में शिवसेना ने कहा, सभी कश्मीरियों को गले लगाकर कश्मीर की समस्या सुलझ सकती है। यह वाकई में एक बहुत ही अच्छा विचार है और इसे लागू करने के लिए कृपया भारतीय संविधान से अनुच्छेद 370 को हटा दिया जाए, जो लोगों को कश्मीर जाने की इजाजत देगा और तब वे वहां के लोगों को गले लगा सकेंगे। संपादकीय में यह भी कहा गया है कि अगर देश में आस्था के नाम पर यूं ही लगातार हिंसा जारी रही तो सिर्फ मुस्लिम ही नहीं बल्कि हिंदू भी असुरक्षित हो जाएंगे। शिवसेना ने सामना में मोदी के उन दावों को लेकर भी हमला बोला, जिसमें उन्होंने देश को समृद्ध बनाने के लिए नोटबंदी के जरिए काला धन वापस लाने की बात कही थी।

## बारिश ने बेंगलुरू में बरपाया कहर, जनजीवन अस्तव्यस्त

बेंगलुरु,(आरएनएस)। सोमवार की रात जब पूरा बेंगलुरू सो रहा है था तो शहर में अगस्त माह में केवल 44.8 मिमी. बारिश हुई थी। लेकिन मंगलवार की सुबह जब लोग जगे तो इस आंकड़ें में 128.7 मिमी. की वृद्धि हो गई जो अपने आप में एक रिकार्ड है। बारिश ने पूरे शहर में कहर बरपा दिया और सामान्य जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। सड़कें और घर बाढ़ के पानी में डूब गए हैं, जिससे 71वें स्वतंत्रता दिवस समारोहों पर पानी फिर गया। मौसम विभाग की माने तो इससे पहले 1890 में इससे अधिक बारिश हुई थी। मौसम विभाग के अनुसार, शहर में 1890 के बाद से अगस्त में इतनी भारी बारिश नहीं हुई थी, जब एक दिन में 166 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। कर्नाटक राज्य आपदा निगरानी केंद्र (केएसडीएमसी) के अनुसार, यह रिकॉर्ड मंगलवार को टूट गया था। केएसडीएमसी के अनुसार, सोमवार की रात से 184 सेंटीमीटर बारिश हुई, सबसे ज्यादा बारिश बिलकाहगी में दर्ज की गई। मूसलधार बारिश से कई पेड़, बिजली के खंभे और तार उखड़ गए। यहां तक कि पूरे शहर में बिजली की आपूर्ति ठप हो गई। बचाव और राहत कार्यों के लिए कई जगह अधिकारियों को नाव का सहारा लेना पड़ा। दिन के दौरान पुलिस विभाग को यातायात संभालने में काफी परेशानी हुई, क्योंकि कई मुख्य सड़कों, सबवे और अंडर ब्रिज पर पानी भर गया था। यदीयुर झील का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है, जबकि बेलंदूर झील से पानी निकालकर निकटवर्ती इलाकों में फैल गया। कोरमंगाला के एसटी बेड क्षेत्र में 45 से अधिक नौकाओं को बचाव कार्यों में लगाया गया है। एचएसआर लेआउट, कोरमंगलला, जयनगर और बन्नरघट्टा रोड में अपार्टमेंट से पानी बाहर निकालने के लिए अग्निशमन विभाग को बुलाया गया है। राजराजेश्वरी नगर, जेपी नगर, नगरभवी, थानिसंद्रा, उत्तराहगी और पुत्तेनाहगी में घरों में सांपों के घुसने की भी सूचनाएं भी वन विभाग को मिली है।

## आंध्रप्रदेश के गुंटूर जिले के विनुकोंडा स्थित बोरवेल में गिरा 2 साल का बच्चा

आंध्रप्रदेश,(आरएनएस)। आंध्रप्रदेश के गुंटूर जिले के विनुकोंडा में चंद्रशेखर नामक का एक 2 वर्षीय बच्चा बोरवेल में गिर गया। उसके बाद वहां अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया, बोरवेल से बच्चे को निकालने के लिए बचाव अभियान चलाया गया था। हालांकि 12 घंटे चले बचाव कार्य के बाद 2 वर्षीय चंद्रशेखर को बचा लिया गया। फिलहाल उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि उम्मादिवरम गांव में जानवरों के बाड़े के पास मंगलवार दोपहर को तकरीबन तीन बजे चंद्रशेखर नाम का यह लड़का खेल रहा था,तभी गलती से अचानक वह बोरवेल में गिर गया। जिसे बचाने के लिए बोरवेल के समानांतर गड्ढा खोद रेस्क्यू कर उसे बचाया गया।

## स्विटजरलैंड की पार्टी ने किया भारत को बैंक खातों की सूचना देने का विरोध



बर्न,(आरएनएस)। द स्विस पीपल्स पार्टी (एसवीपी) ने अपनी सरकार के उस कदम का विरोध किया है जिसमें उसने भारत समेत 11 देशों को स्विजरलैंड के बैंक खातों के बारे में जानकारी देने का करार किया है। पार्टी का कहना है कि इससे बैंकों की साख कम होती तो दूसरे देशों में रह रहे नागरिकों को खतरे का सामना करना पड़ सकता है। स्विटजरलैंड की सरकार ने भारत के अलावा रूस, चीन, अर्जेंटीना, ब्राजील, इंडो नेशिया, कोलंबिया, मैक्सिको, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका व संयुक्त अरब अमीरात के साथ समझौता किया था। इसके तहत फैसला किया गया था कि इन देशों के साथ ऑटोमेटिक एक्सचेंज ऑफ इनफॉरमेशन सिस्टम (एईओआइ) शुरू किया जाएगा। यह समझौता अगले साल से अमल में आएगा। इसके तहत बैंकों में जमा धन का ब्योरा संबंधित देशों को मिल सकेगा। भारत के लिए यह बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि कालेधन पर सरकार पहले ही बड़ा अभियान शुरू कर चुकी है। एसवीपी स्विजटर्लैंड की दक्षिण पंथी पार्टी मानी जाती है। उसका कहना है कि विश्व में हमारे बैंकों की साख है। लोग मानते हैं कि गोपनीयता के मामले में बैंक कोई समझौता नहीं करते, लेकिन जब सूचनाएं लीक होने लगेंगी तो स्विस बैंकों पर कोई भरोसा नहीं करेगा। हालांकि पार्टी का ये भी कहना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफलड़ाई व लोकतंत्र की बहाली के पैमाने पर आकलन के बाद जिस देश को कम से कम 45 अंक मिलते हैं, उसके साथ सरकार समझौते को अमल में न लाया जाए। पारदर्शिता में भारत का की 79वीं (176 देशों में)रैंक है जबकि लोकतंत्र की बहाली में उसके सौ में से 77 अंक हैं। इस मामले में सबसे बुरा हाल चीन व रूस का है जबकि स्विटजरलैंड 96 व अमेरिका के 86 अंक हैं। उल्लेखनीय है कि बैंकों की गोपनीय जानकारी साझा न करने की बात स्विटजरलैंड के संविधान में दर्ज है, लेकिन इसके बावजूद वहां की सरकार ने ये समझौता किया है। ये कालेधन के खिलाफ वैश्विक स्तर पर एक लड़ाई मानी जा रही है। माना जाता है कि दुनिया के बहुत से देशों के लोग अपने कालेधन को स्विस बैंकों में जमा कराने में रुचि लेते हैं। गोपनीयता इसकी प्रमुख वजह है।

## आठ टुकड़ों में घर पहुंचा सीआरपीएफ जवान का शव

सावन,(आरएनएस)। सूत्रों ने बताया कि जवान अवधेश बैठा उम्र 40 वर्ष छुट्टी लेकर अपने गांव भवराजपुर आ रहा था। इसी बीच रास्ते में असम के नवगांव रेलवे स्टेशन के समीप अपराधियों ने जवान की हत्या कर उसके शव को आठ टुकडों में काटकर फेंक दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अवधेश बैठा अवकाश लेकर 29 जुलाई को चला था। उसने परिवारवालों को फोन पर बताया कि 3 अगस्त को घर पहुंच जाएगा। इधर, तीन दिनों के बाद भी सीआरपीएफ जवान घर नहीं पहुंचा तो घर के सदस्यों ने उसके कम्पनी के अफसरा का फान कर घर नहीं पहुंचने की जानकारी दी। इस जानकारी के बाद अरुणाचल प्रदेश के खूनसा जिले में तैनात सीआरपीएफ कम्पनी के ऑफिसर हरकत में आ गए । इसके बाद कई जवानों को अवधेश बैठा को खोजने में लगा दिया गया। खोजबीन के क्रम में 8 अगस्त को नवगांव स्टेशन के पास आठ टुकड़ों में कटे जवान का शव मिला। इस तरह 15 अगस्त को शव पहुंचते ही भवराजपुर गांव में कोहराम मच गया। पूरे इलाके में मातमी सन्नाटा पसर गया। शहीद जवान के परिजन व पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है।

## पेपर लीक मामले में सरकार व हाई कोर्ट रजिस्ट्रार को नोटिस जारी

चंडीगढ़,(आरएनएस)। एचसीएस ज्यूडिशियल का पेपर लीक होने के आरोपों संबंधी एक याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार व हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार को नोटिस जारी किया है। याचिका में आरोप है कि पेपर डेढ़ करोड़ रुपये में बिक रहा था और याचिकाकर्ता से भी पेपर खरीदने की पेशकश की गई थी। याचिका में मामले में एफआइआर दर्ज करने व दोषियों पर कार्रवाई करने के निर्देश जारी करने की मांग की गई है। गत सप्ताह पंचकूला के पिंजौर निवासी एडवोकेट सुमन ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए बताया था कि हरियाणा सरकार ने 20 मार्च 2017 को विज्ञापन निकालकर 109 एचसीएस ज्यूडिशियल पदों के लिए आवेदन मांगे थे। उसने भी इसके लिए आवेदन किया था। पेपर होने से पहले उसे पेपर खरीदने की पेशकश की गई। इसके लिए उससे डेढ़ करोड़ रुपये की मांग की गई। हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए रजिस्ट्रार रिक्रूटमेंट को भी बुलाया था, जिन्होंने बताया कि इस मामले में उन्हें भी कुछ शिकायतें मिली हैं और वे इसकी जांच कर रहे हैं। याचिककर्ता के अनुसार परीक्षा की तैयारी के लिए उसने एक कोचिंग सेंटर ज्वाइन किया था। इसी दौरान उसकी मुलाकात सुशीला नामक महिला से हुई। इस दौरान उसने सुशीला से लेकर से जुड़ी ऑडियो क्लिप आई उसमें सुशीला किसी अन्य लड़की से बात कर रही थी और डेढ़ करोड़ में नियुक्ति की बात हो रही थी। इसके बाद जब उसने सुशीला से पूछा तो सुशीला ने वो ऑडियो क्लिप डिलीट कर दी। इसके बाद जब याची ने उससे जोर देकर पूछा तो उसने पेपर मिलने की बात कही।

## 50 प्रतिशत से कम अंक आया तो डिग्री कॉलेजों के छात्र हो जाएंगे फेल

नई दिल्ली,(आरएनएस)। तेलांगना के सभी डिग्री कॉलेजों में एक नया नियम लागू किया जा रहा है। इसके तहत अब अगर छात्र अपने सेमेस्टर परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक लाने में नाकाम रहे तो उन्हें फेल कर दिया जाएगा। इस साल के शैक्षणिक सत्र से राज्य के सभी डिग्री कॉलेजों में यह डिस्टेंशन सिस्टम लागू करने का फैसला संयुक्त रूप से तेलांगना स्टेट कार्उसिल ऑफ हायर एजुकेशन के अधिकारियों और सभी यूनिवर्सिटी के कुलपतियों द्वारा लिया गया है। यह नया नियम पिछले साल अस्तित्व में आए चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) के तहत लागू किया जाएगा। पिछले हफ्ते तेलांगना स्टेट कार्उसिल ऑफ हायर एजुकेशन (टी एस सीएचइ) के अधिकारियों और सभी यूनिवर्सिटी के कुल-पतियों के बीच हुई एक बैठक के दौरान इस सिस्टम को तत्काल प्रभाव से लागू करने का फैसला लिया गया। जबकि सोमवार को राज्य सरकार को इस संबंध में सूचित किया गया। टीएससीएचइ के चेयरमैन ने कहा, डिस्टेंशन सिस्टम के अनुसार, कोई फर्स्ट ईयर का छात्र फर्स्ट और सेकेंड सेमेस्टर के लिए अपने निर्धारित विषयों में 50 प्रतिशत से कम अंक लाता है तो उसे आगे बढ़ने से रोक दिया जाएगा। अन्य सेमेस्टर के लिए भी यही लागू होगा। आपको बता दें कि पुराने सिस्टम के अनुसार, ऐसा नहीं था। छात्र अगर सेमेस्टर परीक्षाओं में 50 प्रतिशत से कम अंक लाते थे तो भी उन्हें प्रमोट कर आगे बढ़ा दिया जाता था। अब नए नियम के अनुसार, छात्रों के लिए फर्स्ट सेमेस्टर में 75 प्रतिशत अटेंडेंस का होना भी जरूरी हो गया है। तभी उन्हें सेकेंड सेमेस्टर में प्रमोट करने के बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा।

## उत्तर कोरियाई तानाशाह ने सेना को तैयार रहने के दिए आदेश

सियोल,(आरएनएस)। उत्तर कोरिया अमेरिकी द्वीप गुआम की ओर मिसाइल दागने से पहले अमेरिका के रुख का इंतजार करेगा। हालांकि उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन ने अपनी सेना को युद्ध के लिए तैयार रहने को कहा है। किम अपनी सेना के उच्चा-धिकारियों संग मिसाइल लांचिंग संबंधी योजना पर बात कर चुके हैं। किम जोंग को लगभग दो सप्ताह बाद सेना कमान का निरीक्षण करते सार्वजनिक रूप से देखा गया। वह सेना अधिकारियों से उस मैप को समझ रहे थे जिसमें उन चार मिसाइलों की दिशा तय की गई है जो उत्तर कोरिया के पूर्वी तट के पास से प्रक्षेपित होने के बाद जापान के इलाकों को पार करते हुए गुआम के नजदीक समंदर में गिरेंगी। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार किम जोंग उन ने कल काफी देर तक मिसाइल प्रक्षेपण की योजना के बारे में जाना। किम ने संकेत दिया कि वह अमेरिका-प्रशांत क्षेत्र की ओर मिसाइलों के परीक्षण की योजना को फिलहाल स्थगित रखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह अमेरिकियों के मूर्खतापूर्ण बर्ताव को अभी और देखेंगे। अमेरिकी साम्राज्यवादियों ने अपने गले में खुद फंदा डाला है। केसीएनए ने किम के हवाले से कहा कि कोरियाई प्रायद्वीप में संघर्ष रोकने और तनाव खत्म करने के लिए जरूरी है कि अमेरिका पहले उचित विकल्प तैयार करे। अमेरिका ने कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु हथियार लाकर उकसाने की कार्रवाई की थी। किम जोंग ने अमेरिका से कहा कि वह उत्तर कोरिया को उकसाने वाली धूर्त हरकतें तुरंत बंद करे। वह उत्तर कोरिया को और ज्यादा उत्तेजित न करे। दूसरी ओर अमेरिकी रक्षामंत्री जेम्स मैटिस ने कहा कि अगर उत्तर कोरिया ने गुआम की ओर मिसाइलें दागीं तो अमेरिका की सेना को इसका तुरंत पता चल जाएगा और वह इन्हें मार गिराएगी। हम अपने देश को हमले से बचाएंगे। अमेरिकी सेना इसे युद्ध की तरह लेगी। वहीं कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति पर जापानी प्रधानमंत्री शिंजो एबे ने एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप से बात की।

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने सुषमा के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर बात की



नई दिल्ली,(आरएनएस)। विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने अपने अमेरिकी समकक्ष रेक्स टिलरसन के साथ विदेश और रक्षा संबंधों को और गहरा बनाने के उपायों पर बातचीत की। अमेरिकी विदेश मंत्री ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देने के लिए सुषमा को फोन किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट में कहा है, 'विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने अमेरिकी विदेश मंत्री टिलरसन के साथ बातचीत की। मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री ने फोन किया था।

## पीएम मोदी ने तीन तलाक के खिलाफ महिलाओं की लड़ाई की सराहना की



नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन तलाक की प्रथा के खिलाफ महिलाओं की लड़ाई की आज सराहना की तथा कहा कि पूरा देश उन्हें यह अधिकार दिलाने के इस प्रयास में उनके साथ है। मोदी ने लालकिले की प्राचीर से अपने संबोधन में कहा, मैं उन महिलाओं के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करता हूं जिन्हें तीन तलाक के कारण दुखद जीवन जीना पड़ रहा है। उन महिलाओं ने इसके इसके खिलाफएक आंदोलन चलाया जिसने इस प्रथा के खिलाफ पूरे देश में एक माहौल तैयार कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके अधिकार दिलाने के लिए पूरा देश इन प्रयासों में उनके साथ है। केन्द्र कह चुका है कि वह तीन तलाक की प्रथा के खिलाफ है। यह मामला उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के समक्ष विचाराधीन है।

## चंबा में 3.5 तीव्रता का भूकंप

चंबा,(आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के चंबा में बुधवार सुबह 9 बजे के भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, इससे अभी तक जान -माल की हानि की खबर नहीं है। मौसम विभाग के मुताबिक, सुबह 8:53 पर रिक्टर पैमाने पर 3.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र चंबा क्षेत्र था। यह जम्मू -कश्मीर की सीमा से लगा हुआ है। इस साल तीसरी बार चंबा में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले चार फरवरी और दो मार्च को यहां भूकंप के झटके दर्ज किए गए थे।

## पाकिस्तान में नहीं है धार्मिक आजादी

वाशिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिका द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में सिख, ईसाई और हिंदू जैसे अल्पसंख्यक जबरन धर्मांतरण के डर में रहते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि अल्पसंख्यकों को यह चिंता भी है कि पाकिस्तान सरकार जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए जरूरी कदम नहीं उठा पाती है। अमेरिका के विदेश मंत्री रेक्स टिलरसन द्वारा जारी एक रिपोर्ट में ये बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों और धार्मिक आजादी को संरक्षण नहीं दिया जा रहा है। इसके अलावा पाकिस्तान में हुक्मरानों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए गए हैं। कहा गया है कि केंद्र और राज्य सरकारों के स्तर पर हिंदू, सिख और ईसाइयों की आजादी सुनिश्चित करने वालों कानूनों पर सही ढंग से अमल नहीं किया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा कि पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों का कहना है कि अल्पसंख्यकों को जबरन इस्लाम कबूल करवाने से रोकने में सरकार द्वारा उठाए गए कदम नाकाफी हैं। पाकिस्तान में धार्मिक स्वतंत्रता पर खतरा है, वहां दो दर्जन से अधिक लोग ईशनिंदा के कारण या तो फांसी का इंतजार कर रहे हैं या उम्रकैद काट रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार अल्पसंख्यकों को ईंट बनाने जैसी बंधुआ मजदूरी से नहीं बचा पा रही है। ईंट बनाने और खेती से जुड़े क्षेत्रों में ईसाई और हिंदुओं को बंधुआ मजदूर रखा जाता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि हिंदू और सिख नेताओं का कहना है कि अल्पसंख्यकों को शादी रजिस्टर कराने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

## करुणानिधि अस्वस्थ, अस्पताल में भर्ती

चेन्नई,(आरएनएस)। चेन्नई की विपक्षी दल, द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) के अध्यक्ष एम करुणानिधि को चेन्नई स्थित कावेरी अस्पताल में बुधवार को एन्डोस्कोपिक जांच के लिए भर्ती कराया गया। रिपोर्ट के अनुसार, सांस लेने में कठिनाई की शिकायत के बाद डीएमके के सुप्रीमो को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करुणानिधि लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। अस्पताल के कार्यकारी निदेशक एस एस अरविंदन द्वारा जारी एक दो लाइन प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्हें शाम तक छुट्टी दे दी जाएगी।


## तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु रिपोर्टर/संवाददाता चाहिए तत्काल संपर्क करें
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
श्रीराम कॉलोनी,स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9039961090

## ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन * हेडलबर्ग * से 4 कलर की प्रिंटिंग होती है।
प्रिंटिंग जॉब हेतु तत्काल सम्पर्क करें
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400